# राजसखी मेले का शुभारंभ, कलक्टर ने किया अवलोकन



राजसखी मेले में स्थानीय उत्पादों की जानकारी लेते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** शहर के कुशलबाग मैदान में राजीविका की ओर से लगाये गये राजसखी मेले ने ऐसी छटा बिखेरी की जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत सिंह यादव ने विक्रेताओं के लिये छाया की व्यवस्था के निर्देश दिये तो भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने खरीददारी करते हुए सखियों का उत्साहवर्धन किया। मेले का षुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार, जिला परियोजना प्रबंधक धनपत सिंह,

> ■ **'राजसखी मेला आदिवासी अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल'**

सामाजिक कार्यकर्ता जयगिरिराज सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि राजसखी मेला आदिवासी अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस मंच के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य पदार्थ एवं घरेलू उत्पादों को बाजार उपलब्ध होगा जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी। मेले में जिले सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित सामग्री, ऑर्गेनिक खाद्य उत्पाद, हर्बल गुलाल, अचार, पापड़, काली कमोद चावल, तीर-कमान, पारंपरिक आभूषण एवं अन्य आकर्षक वस्तुओं का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन अधिकाधिक संख्या में मेले में आकर स्थानीय महिला समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने भी मेले में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, मूल्य निर्धारण एवं डिजिटल भुगतान व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बेहतर विपणन एवं ब्रांडिंग पर विशेष जोर दिया। कलक्टर ने समूहों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान मिलती है और महिलाओं की आय वृद्धि के नए अवसर सृजित होते हैं। गायरी ने लखपति दीदीयों को टेबलेट प्रदान करते हुए उनसे मंच पर ही संवाद करते हुए उनकी हौसला अफजाई की वहीं कलक्टर ने मेले में लखपति दीदी को टैबलेट प्रदान करते हुए विकसित भारत में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## सार-समाचार

### सिनेप्स में जाकिर व बादशाह लाइव

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर में 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित होने जा रहा गीतांजली सिनेप्स-2026 (स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फेस्ट) इस वर्ष और भी भव्य एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत होगा। राजस्थान की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं में प्रतिष्ठित गीतांजली यूनिवर्सिटी का यह वार्षिक महोत्सव खेल, संस्कृति, कला और संगीत का जीवंत संगम बनेगा। दो दिवसीय इस महोत्सव में मेडिकल, पैरामेडिकल, फार्मेसी, डेंटल, फिजियोथेरेपी एवं नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विविध खेल प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं टीम-आधारित आयोजन किए जाएंगे। सिनेप्स-2026 प्रतिभा, उत्साह, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का अद्वितीय मंच साबित होगा। प्रथम दिन 26 फरवरी को प्रख्यात स्टैंड-अप कॉमेडियन, लेखक एवं शायर जाकिर खान इंस्पिरोग्रूव कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। अपनी विशिष्ट शैली, सहज अभिव्यक्ति और प्रेरक विचारों के माध्यम से वे युवाओं को जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की प्रेरणा देंगे। दूसरे दिन 27 फरवरी को बॉलीवुड रैपर एवं गायक बादशाह की बहुप्रतीक्षित लाइव कॉन्सर्ट नाइट आयोजित की जाएगी। अपने सुपरहिट गानों, ऊर्जावान रैप शैली और शानदार स्टेज परफॉर्मेंस के लिए प्रसिद्ध बादशाह का यह कार्यक्रम युवाओं के लिए रोमांच और मनोरंजन से भरपूर संध्या सिद्ध होगा। गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने कहा कि सिनेप्स: 2026 विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, टीम भावना विकसित करने और आत्मविश्वास बढाने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महोत्सव शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास को भी नई दिशा देगा।

### डकैती की योजना बनाते चार गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के खिलाफ कारगर कार्यवाही करते हुए हाईवे पर राहगीरों व वाहनधारियों से लूटपाट करने की योजना बनाते हुए हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे होने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर रात्रि को 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और उसमें से एक आरोपी के खिलाफ तो 17 मामले राजस्थान व गुजरात में दर्ज हैं। बिछीवाड़ा थाना प्रभारी कैलाश सोनी ने बताया कि बिछीवाडा-खेरवाडा मार्ग पर बारौठी व आमझरा के बीच एक होटल के सामने ब्रिज के पास डकैती की योजना बनाते हुए आरोपियों के होने की सूचना मिली जिनके पास हथियार भी होने का अंदेशा था। जिस पर बिछीवाडा पुलिस ने पूरी रैकी के बाद मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि युवक जिनके पास हथियार व दो बाइक थी वारदात की फिराक मे थे पुलिस ने गैरा डालकर अपनी कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने 4 को तो धरदबोचा, लेकिन एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भागने में सफल रहा,जिसकी पहचान भूपेंद्र उर्फ पप्पू काउवा दुहा निवासी बीजुडा फरार हो गया जिसके खिलाफ 17 प्रकरण अबतक दर्ज है। जबकि अन्य गिरफ्तार आरोपियों से सुनील पुत्र खातू बराडा निवासी कनबई थाना पाटिया जिला उदयपुर,चुन्नीलाल उर्फ सुनील पुत्र कावाराम बोडात निवासी सरेरा थाना पहाडा जिला उदयपुर,संजय पुत्र जीवाजी दुहा मीणा निवासी बीजुडा थाना बिछीवाडा,रमेश पुत्र शांतिलाल निवासी बीजुडा थाना बिछीवाडा को गिरफ्तार किया। जिनके पास से मिर्च पाउडर के पैकेट भी मिले हैं तथा दो पावरबाइक बरामद की।

### ट्रेनों की जांच में 9 अपराधी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 19 से 22 फरवरी तक ट्रेनों में अवैध रूप से प्रतिबंधित सामग्री ले जाने वालों के विरुद्ध चार दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 481 ट्रेनों की गहन जांच की गई जिसमें 9 व्यक्तियों को प्रतिबंधित सामग्री के साथ पकडा गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि अभियान के तहत पटाखे,पेट्रोलियम पदार्थ,गैस सिलेंडर, केरोसिन, सूखी झाडयिां, नशीले पदार्थ आदि जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच की गई। यह सामग्री रेल यात्रा के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित है क्योंकि इससे यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। चार दिवसीय अभियान में वाणिज्य, रेलवे सुरक्षा बल, यांत्रिक, कैरिज एवं वैगन तथा कार्मिक विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न स्टेशनों पर व्यापक स्तर पर जांच की। यात्रियों के साथ.साथ रेल कर्मचारियों एवं ठेका कर्मचारियों की भी चेकिंग की गई। पकडे गए 9 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल अथवा राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे अधिनियम के तहत रेल यात्रा के दौरान प्रतिबंधित या विस्फोटक सामग्री ले जाना दंडनीय अपराध है।

### जेवरात व नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** साईड दिखाने के बहाने मजदूर को साथ लेकर गए आरोपी व महिला पीडित के जेवरात खुलवा लिए तथा जेब से नकदी निकाल ले गए।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पाचुराम पुत्र हरिराम मीणा निवासी सराड़ा हॉल सविना सब्जि मण्डी के पास हिरणमगरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 22 फरवरी सांय में सब्जि मण्डी के पास खड़ा था। इस दौरान बाईक लेकर आए पुरूष व महिला ने पास आकर चुनाई का काम करने के संबंध में पूछताछ की तो मैने चुनाई करने की बात कही। इस पर मुझे साईड दिखाने के लिए अपने साथ बाइक पर प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित किसी अज्ञात बस्ती में ले गए।जहां पर मेरे कान से सोने की बालिया, हाथ से शेरखमुखी चांदी का कड़ा था जेब से 7 हजार रूपये नकदी निकाल कर भगा दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# पिम्स मेवाड़ कप सीजन पर जीसीए का कब्जा




उदयपुर में जीसीए ने पिम्स मेवाड़ कप सीजन जीता।

**उदयपुर, (कासं)।** पैसिफिक हास्पिटल, विनय क्रिकेट क्लब व लीला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में फील्ड क्लब मैदान पर पिम्स मेवाड़ कप सीजन 4 में मंगलवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में जीसीए ने एकतरफा मुकाबले में उदयपुर लेक सिटी वॉरियर की टीम को आठ विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लिए।

उदयपुर वारियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में दस विकेट खोकर 109 रन का स्कोर खड़ा किया। पृथ्वीराजसिंह ने 25 बॉल पर चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाकर कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिलने से टीम बड़ा स्कोर करने में कामयाब नहीं हो सकी। जीसीए के रवि बिश्नोई ने 2.1 ओवर में 5 रन देकर तीन विकेट झटके। इनके अलावा हर्षल पटेल व यश दोषी ने भी तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य लेकर उतरी जीसीए की टीम ने मात्र 7.2 ओवर में दो विकेट खोकर 112 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच रवि बिश्नोई को दिया गया। अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार दिए। साथ ही बेस्ट बॉलर, बल्लेबाज, क्षेत्ररक्षक के व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए।

## हिस्ट्रीशीटर सहित 4 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस ने व्यवसायी को धमकाने और ब्लैकमेलिंग के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 4 को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने पत्रकारों को बताया कि शहर के एक व्यापारी ने गत 23 फरवरी को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी कि उसके मित्र हकीम कता ने 1 सितम्बर 2025 को दुकान पर आकर एक व्यक्ति से मिलवाते हुए कहा कि यह मेरा दोस्त बब्बु है। कुछ बातों के बाद बब्बु ने कहा कि अगर भी कोई भी जरूरत हो तो बताना और रूपयों की जरूरत हो तो मच हिचकिचाना। इस पर प्रार्थी ने हाँ कर दी इस पर बब्बु ने अयुब लाला का नाम बताते हुए कहा कि ये रूपये दे देंगे अच्छे आदमी है। बब्बु ने वीडियो कॉल कर अयुब लाला से बात करवाई तो उसी दिन शाम प्रार्थी के खाते में पांच लाख रूपया आ गया। इसके बाद बब्बु आया और उसने कमीशन के रूप में 35 हजार रूपये मांगे जब व्यवसायी ने मना किया तो बब्बु ने जान से मारने की धमकी दी।

## ओवरलोड वाहन जब्त किए

**डूंगरपुर, (निसं)।** सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौरासी पुलिस ने एक ओवरलोड वाहन पर कार्रवाई की है। चौरासी थाना क्षेत्र में एक कुजर वाहन को जब्त कर उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह कार्यवाही 23 फरवरी 2०26 को डूंगरपुर-सीमलवाडा मुख्य मार्ग पर सालमपुरा-गैजी गांव के पास की गई। पुलिस ने क्रुजर वाहन के चालक राजू कोटेड को वाहन की छत पर सवारियां बिठाकर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए पाया। पुलिस के अनुसार,चालक की इस हरकत से मानव जीवन को खतरा उत्पन्न हो रहा था

# हल्दी रस्म के साथ शुरू हुई अभिनेता विजय-अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की शादी की रस्में

**उदयपुर, (कासं)।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता विजय देवरकोंडा और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की शादी की रस्मे मंगलवार से शुरू हो गई हैं।शादी 26 फरवरी को होगी। उदयपुर के होटल श्मोमेंटोस एकायाश् में दूल्हा और दुल्हन के परिवार के अलावा मेहमान पहुंच चुके हैं।सोमवार शाम को विजय ने प्री.वेडिंग पार्टी की थी।

सोमवार देर शाम को विजय ने प्री.वेडिंग पार्टी की थी। विजय ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पूल पार्टी की दो फोटो शेयर की। पूल में व्हाइट बीयर पोंग राफ्ट और वॉलीबॉल नेट दिख रहे हैं। विजय ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ पूल में वॉलीबॉल खेला।वहीं रश्मिका ने भी प्री.वेडिंग डिनर की फोटो शेयर की है। डिनर टेबल पर पिंक.ग्रीन थीम पर पिंक ट्यूलिप्स और सफेद फूलों से सजावट है। ग्रीन सेब और अंगूर भी रखे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को हल्दी की रस्म हुई। विजय.रश्मिका ने येलो आउटफिट पहना है। हल्दी वेन्यू को भी येलो थीम पर सजाया गया है। सोशल मीडिया पर फैन्स भी इनकी शादी को लेकर काफी क्रेजी हैं। विजय.रश्मिका अपने परिवार के साथ 23 फरवरी की सुबह होटल पहुंच गए थे। वेडिंग को लेकर होटल के बाहर से लेकर अंदर तक सुरक्षा की कडी व्यवस्था की गई है। सिक्योरिटी में निजी बाउंसर्स और पुलिसकर्मी शामिल हैं। दोनों परिवार के करीब 200 मेहमान शादी में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। होटल स्टाफ से लेकर गेस्ट शादी की फोटो और रिकॉर्डिंग न कर सकें इसके लिए मोबाइल कैमरे पर खास तरह का टैप लगाया गया है। कैमरा और अन्य रिकॉर्डिंग डिवाइज भी अलाउ नहीं है।

दूल्हा साउथ स्टार विजय देवरकोंडा फिल्मी बैकग्राउंड से आते है। उनके पिता पिता देवरकोंडा गोवर्धन साउथ सिनेमा के एक मशहूर डायरेक्टर और प्रोड्यूसर हैं।

# एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में सीबीएसई निर्देशित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सीबीएसई द्वारा निर्देशित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम - एनवायरनमेंटल एजुकेशन एंड कॉन्जर्वेशन रिसोर्सेज विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, एवं राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी बन चुका है। उन्होंने बताया कि ऐसे सेमिनार शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराते हैं, जिससे वे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर सकें। सेमिनार के मुख्य अतिथि एवं वक्ती रश्मिंद्र कौर विरदी एवं सैमुअल फ्रांसिस थे। दोनों विशेषज्ञों ने पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जल-संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविधता तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की रश्मिंद्र कौर विरदी ने अपने संबोधन में कहा कि अध्यापकों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रायोगिक गतिविधियों-जैसे वृक्षारोपण अभियान, जल संरक्षण परियोजनाएं, पुनर्चक्रण गतिविधियां, पोस्टर निर्माण एवं सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम-से जोड़ना चाहिए। इससे विद्यार्थी केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यवहारिक रूप से भी पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभा सकेंगे।

सैमुअल फ्रांसिस ने सतत विकास की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना है, तो हमें आज ही जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि सतत विकास तभी संभव है जब शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील नागरिक तैयार किए जाएं।

# गीतांजली विवि में 'सिनैप्स 2026' का आगाज, प्रस्तुतियों ने बांधा समां



गीतांजली विश्वविद्यालय में 'सिनैप्स 2026' का आगाज हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजलि विश्वविद्यालय का बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव सिनैप्स-2026 का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक वैभव के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से हुआ, जिनमें विविधता में एकता की थीम का सजीव प्रदर्शन देखने को मिला। रंग-बिरंगे परिधानों, तालबद्ध समूह नृत्य और उत्साहपूर्ण

> ■ **'सिनैप्स-2026 केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रतिभा और नवाचार को मंच प्रदान करने का अवसर है'**

प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे परिसर में उत्सव का वातावरण सृजित कर दिया।

कार्यक्रम औपचारिक शुभारंभ की घोषणा गीतांजलि ग्रुप के कार्यकारी निदेशक अंकित अग्रवाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सिनैप्स-2026 केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रतिभा और नवाचार को मंच प्रदान करने का अवसर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर. के. व्यास, विभिन्न संस्थानों के प्रमुख, गीतांजलि हॉस्पिटल के सीईओ ऋषि कपूर, चीफ फाइनेंस ऑफिसर सीए रोशन जैन, सीएचआरओ डॉ. राजीव पांड्या, सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. मंजिंदर कौर, संयुक्त कुलसचिव भूपेंद्र जैन सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढाई और विद्यार्थियों की पहल को संस्थागत समर्थन का संदेश दिया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों, संकाय सदस्यों, आयोजन समिति और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की गई। सिनैप्स-2026 के शुभारंभ के साथ ही अब विश्वविद्यालय परिसर में विविध प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अकादमिक गतिविधियों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है, जो इस वार्षिक उत्सव को यादगार बनाने का संकल्प लिए हुए है।

## सार-समाचार

### निजी बसों की हड़ताल,यात्री परेशान

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में बीती रात से प्राइवेट बसों और टैक्सियों की हडताल शुरू होने से यात्री परेशान हो गए।बीती रात से सभी बसें थम गई। सडकों पर दौडने वाली बसें मंगलवार को उदयपुर शहर के बस सेंटर पर खडी रही। बसों के नहीं चलने से यात्री परेशान हुए और रोडवेज बस और रेलगाडियों से यात्रा की। उदयपुर में ट्रैवल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उदयपुर के उदयापोल स्थित तोप के सामने ही तंबू लगाकर धरना दिया। ये पदाधिकारी रात को वहीं सोए और अपने आंदोलन को लेकर दिन भर वहीं बैठे। उदयपुर. अहमदाबाद नेशनल हाइवे पर कुछ बसों के सवारियां लेकर जाने की सूचना मिली तो ट्रैवल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वहां जाकर बसें खाली कराई। वही हड़ताल से परेशान बस स्टैंड के बाहर खडे मावली से आए शकील ने बताया कि माँ अहमदाबाद में भर्ती है। वहां जाने के लिए बस में मेरी सीट बुक थी और आज गांव से यहां आया तो बस संचालक ने पैसा वापस दे दिया कि हडताल है बस नहीं जाएगी। उदयपुर में ट्रैवल एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस सिंघवी के अनुसार निजी बस संचालकों को जिस तरह से परेशान किया जा रहा है उसकी हम निंदा करते हैं। सिंघवी ने कहा कि कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि परिवहन विभाग ने जिन बसों का रजिस्ट्रेशन किया उन्हीं बसों के परमिट निरस्त करने से लेकर सवा लाख रुपए के चालान बनाने का काम किया जा रहा है जो सरासर गलत। एसोसिएशन के डा. अब्दुल सलाम खान ने कहा कि सारा मामला टैक्स से जुडा है। उत्तरप्रदेश का टैक्स 7 हजार, मध्यप्रदेश और गोवा में 3500-3500, अरुणाचल और नागालैंड का एक ङ्क्तएक हजार है और हमे राजस्थान में यह टैक्स 40 हजार हजार रुपए देना पड रहा है। पडौसी राज्य से बढाकर हमारा टैक्स 10 हजार कर दें लेकिन 40 हजार हम दे रहे है तो धंधा कैसे हो रहा है यह हर गाडी मालिक जानता है। हमारी सरकार से मांग है कि टैक्स कम करें। पर्ची सरकार सता के नशे में मस्त,

### देहात जिला कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार की जनविरोधी कुनीतियों के चलते राजस्थान का विकास ठप्प पड गया है। पर्ची सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास ठप्प होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संभागीय आयुक्त कार्यालय, उदयपुर के बाहर धरना प्रदर्शन कर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन दिया गया। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी दिनेश औदिच्य ने बताया कि उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संभाग में पिछले दो वर्षो से ठप्प पडे विकास कार्यों के कारण आमजन को हो रही भरी परेशानियों से राहत दिलाने के लिए उदयपुर के सहेली मार्ग,चेतक स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ठप्प पडे विकास कार्यों को पुन: शुरू करवाने की मांग की। धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव लाल सिंह झाला ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में आमजन को झूठ बोलकर, डबल इंजन का हवाला देकर धोखे से सता में आने वाली पर्ची सरकार ने आने के बाद सिर्फ नाम काटने का काम किया है। जनउपयोगी योजनाओं से गरीब का नाम काटना, एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं का नाम काटना और पूर्व की कांग्रेस सरकार की योजनाओं को कम करने के अलावा पर्ची सरकार ने कुछ नहीं किया। दो वर्ष से विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प हो गया है, आमजन त्रस्त है। इस धरने के माध्यम से हम पर्ची सरकार को आगाह करने का काम कर रहे है कि समय रहते वो अपनी कार्यशैली सुधार कर आमजन के लिए विकास कार्य करे नहीं तो आने वाले समय में ओर भी बडे आंदोलन करेंगे। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि राजस्थान की पर्ची सरकार मदमस्त होकर गहरी नींद में है, उसे आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। वो सता के नशे में चूर है। विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर चर्चा करने से भी पर्ची सरकार भाग रही है।

### निजी बसों और जीप का संचालन बंद

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर में मंगलवार से निजी ट्रैवल्स बसों और जीपों का संचालन बंद हो गया है। मुंबई, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, जयपुर और जोधपुर जैसे प्रमुख शहरों के लिए चलने वाली निजी बसें ठप हो गई हैं। इसके साथ ही स्थानीय रूटों पर चलने वाली बसें और जीपें भी रुक गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस हडताल के कारण डूंगरपुर जिले में प्रतिदिन करीब 5० लाख रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। निजी ट्रैवल्स संचालकों ने परिवहन विभाग पर बेवजह परेशान करने और डूंगरपुर में फिटनेस सेंटर नहीं होने के विरोध में यह हडताल शुरू की है। निजी ट्रैवल्स एसोसिएशन के वल्लभराम पाटीदार ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से निजी ट्रैवल्स संचालकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। पाटीदार ने बताया कि डूंगरपुर जिले में वाहनों के फिटनेस के लिए कोई केंद्र नहीं है। डूंगरपुर के वाहनों को फिटनेस जांच के लिए उदयपुर या बांसवाडा जाना पडता है, जो लगभग 1०० किलोमीटर दूर है। इस तरह आने-जाने में 2०० किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पडती है। छोटे वाणिज्यिक वाहनों को भी दूसरे जिले में जाने के लिए टोल टैक्स के लिए फास्टैग लगाना पडता है,जिससे लगभग 5 हजार रुपए या उससे अधिक का अतिरिक्त खर्च आता है। वाहन मालिकों की मांग है कि जब तक डूंगरपुर में फिटनेस सेंटर नहीं खुल जाता,तब तक परिवहन विभाग द्वारा पहले की तरह ही फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए जाएं।

# ठगी करने वाली युवती सहित 12 लोग गिरफ्तार

> ■ **2लेपटॉप व 14 मोबाईल व दो वाहन जब्त**

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी काल सेंटर चला कर अमेरिकी लोगों के साथ ऑनलाई ठगी करने वाली युवती सहित बारह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 2लेपटॉप व 14 मोबाईल व दो वाहन जब्त किए।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश र अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह, डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रमसिंह मय टीम ने मुखबरी से मिली सूचना के आधार पर न्यू मेवाड़ा काठियावाड़ी होटल कुमावतों का गुडा गोगुन्दा में सनसेट एडवेंचर नामक कंपनी के10-12 व्यक्तियों द्वारा अमेरिका के नागरिकों को इन्टरनेट कॉल व मैसेज कर उनको एप्पल कम्पनी के प्रोडक्टस पर अतिरिक्त चार्ज लगने का बता कर रिफण्ड दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर डॉलर में रूपये प्राप्त कर रहे है। इस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर दबीश देकर शाहरूख मोहम्मद शेख मंशुरी शेख निवासी शुबा खान शेरी कोलावाली मस्जिद के पास जमालपुर अहमदाबाद, चेतनसिंह सिकरवा निवासी भोलानगर की चाली सजयं चौक अमरई बाडी थाना अमराई बाडी अहमदाबाद, करण कुमार कुमार मीणा निवासी शिव शक्ति नगर सांचोल जालोर,मिलन जोशी निवासी मालवाड़ा चितलवाना सांचोर जालोर,प्रवीण कुमार मीणा निवासी भीलों की ढाणी, विरोली छोटी थाना सांचोर हॉल शिवशकित नगर सांचोर जालोर हॉल मनसेट एडवेंचर प्रा.लि. टुआर एण्ड ट्रेवल्स एजेन्सी ऑफिस फस्ट फ्लोर विनायक काम्प्लेक्स दुर्गा नर्सरी रोड़ भुपालपुरा, आलोक अचुमि पुत्र अतोबी निवासी लेक व्यू कॉलोनी डीएमसी वार्ड नं. 10 खेम महल पश्चिम दीमापुर नागालेण्ड, जुसवा अलेक्टजेण्डर ढाकर निवासी मोकिया बी पुलिस थाना मोकिया पश्चिम जयन्तिया हिल्स मेघालय,दीपक थापा निवासी विष्णुपुर शिलोंग पूर्वी खांसी हिल्स थाना रैली बम्ब मेघवाल, रोमियों स्टेन पुत्र अलबिलिंग संदाप खांसी निवासी ठागों रोमन पुलिस थाना उलु कंची जिला कर्वि अललोग आसाम, शेमलाद रोगरिन रोगरिन डांग निवासी ग्राम पोरथल उमडोंग लुम्बिनीगिरी स्कूल के पास शिलॉग मेघालय, अनुशा डींगडोग खांसी निवासी फोरेस्ट कॉलोनी थाना सदर पूर्वी खांसी हिल्स मेघालय, सुरेश बंसल नेपाली निवासी नियर कान्टुमेन स्कूल थाना लोअर पलटन बाजार पूर्वी खांसी हिल्स मेघालय को गिरफ्तार कर मौके से 2लेपटॉप व 14 मोबाईल व दो वाहन जब्त प्रकरण दर्ज किया। शाहरूख मंशूरी नामक मुख्य सरगना अमेरिकन व्यक्तियों की निजी जानकारी प्राप्त कर खुद को एप्पल कम्पनी का कर्मचारी होना बता कर अमेरिकन नागरिकों को उनकी कम्पनी के खरीद गये खरीदने जाने वाले सामान पर ज्यादा चार्ज लगाने का बता कर उनको अपने द्वारा भेजे गये लिंग पर जाने के लिए बोलते है।